झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/43/19 – 23 ,राँची/दिनांकः 22/07/2021

राज्य के मान्यता प्राप्त बी0एड0 महाविद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2020–22 में अंतिम साक्षात्कार के बाद रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन से संबंधित आवश्यक सूचना

उच्च शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक 829 दिनांक 20.07.2021 से प्राप्त निर्देश के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2020–22 के लिये अंतिम राज्य मेधा–सूची में से जिन अभ्यर्थियों ने नामांकन करा लिया है, को छोड़कर नामांकन हेतु शेष ईच्छुक अभ्यर्थियों एवं राज्य के मान्यता प्राप्त संबंधित बी0एड0 संस्थानों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :–

1. नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 29.07.2021 तक अपनी ईच्छानुसार संबंधित बी0एड0 महाविद्यालय में नामांकन हेतु CML Rank के साथ आवेदन संबंधित बी0एड0 महाविद्यालय में समर्पित करें।
2. दिनांक 29.07.2021 तक प्राप्त ऐसे आवेदनों के आधार पर बी0एड0 महाविद्यालय मेरिट लिस्ट के अनुसार कोटिवार रिक्ति/रिक्तियों के विरूद्ध नामांकन सूची निर्गत कर दिनांक 05.08.2021 तक नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे।
3. उपरोक्त प्रक्रिया से नामांकन के बाद भी यदि किसी अभ्यर्थी का नामांकन अपने ईच्छानुसार संस्थान में नहीं हो पाता है तथा किसी अन्य महाविद्यालय में सीटें रिक्त हैं, तो वह किसी अन्य महाविद्यालय में दिनांक 12.08.2021 तक नामांकन करा सकते हैं। इसके लिये CML Ranking का अनुसरण आवश्यक नहीं होगा।
4. नामांकन में आरक्षण संबंधी कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत अद्यतन संकल्प लागू होगा।
5. नामांकन प्रक्रिया के समय पारदर्शिता हेतु संबंधित विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि सम्मिलित रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

22/07/21

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक